## सूने मकान से लाखों के जेवर व नकदी चोरी

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** पुरानी आबादी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-13 में चोरों ने एक सूने मकान में घुसकर लाखों रूपये की चोरी कर ली।

परिवार के सदस्य रिश्तेदारी में शादी में शामिल होने गए हुए थे। इस दौरान चोरों ने मकान में धावा बोल दिया और चोरी कर भाग गए। सीसीटीवी कैमरे में एक चोर कैद हुआ है। मकान मालिक चंदन अनेजा अपने परिवार के साथ घर को ताला लगाकर शादी में गया हुआ था। मंगलवार सुबह जब परिवार शादी से वापस लौटा तो देखा कि मकान में चोरी हो चुकी थी और मकान के अंदर बाहर से ताले टूटे हुए थे। मकान के अंदर सामान बिखरा हुआ था। इसके बाद मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी।

चोरों ने चंदन अनेजा के मकान के अंदर घुसकर पहले तो सोने-चांदी के जेवरात उठाए फिर अलमारी में रखे नगद एक लाख रूपए भी चुरा लिए। चोरी के बाद चोर ने घटनास्थल पर ही जमीन पर लेटकर कुछ देर आराम भी किया। सीसीटीवी फुटेज में यह वाकया रिकॉर्ड हो गया है, जिसमें चोर आराम करते नजर आ रहा है। मकान के बगल में लगी दुकान के सीसीटीवी कैमरे में चोरी की पूरी वारदात कैद हो गई। चोर मकान से निकलने के बाद भी कुछ समय तक आसपास मौजूद रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

# प्रसूताओं की मौत मामले में थाली-कटोरा लेकर कलेक्टर से न्याय मांगा

- प्रसूता शारदा नायक की मौत के 3 दिन बाद भी परिजनों ने उसका शव नहीं उठाया है। परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया और मामले में कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं
- विरोध प्रदर्शन करने के बाद भी प्रशासन और कांग्रेस नेताओं के बीच सहमति नहीं बन सकी। सभी लोग कलेक्टर से मिले बिना ही वापस लौट गए और जाते समय उन्होंने विरोध के प्रतीक के रूप में कटोरा कलेक्टर कार्यालय की सीढियों पर ही छोड़ दिया

**बीकानेर, (कासं)।** पीबीएम अस्पताल में 2 प्रसूताओं की मौत हो चुकी है। मामले को लेकर कांग्रेस और दोनों प्रसूताओं के परिजनों ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। थाली-कटोरा लेकर न्याय की भीख मांगी।

कलेक्टर से कटोरा लेकर मिलने की गुजारिश की तो पुलिस प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी। ऐसे में परिजन अस्पताल की सीढ़ियों पर ही बैठ गए। नारेबाजी की और कटोरे सीढ़ियों पर रख लौट गए। इस प्रदर्शन में शारदा के पिता हीरालाल नायक और 3 साल की बेटी बिंदिया भी शामिल रही। प्रीति नायक के पति कमल नायक भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

कलेक्टर निशांत जैन ने कहा कि मैं इसी मामले को लेकर चिकित्सा विभाग की प्रिंसिपल सेक्रेटरी गायत्री राठौड़ के साथ था। वे उनको भी ज्ञापन दे सकते थे। ज्ञापन देने की कोई मनाही नहीं है। प्रसूता शारदा नायक की मौत के 3 दिन बाद भी परिजनों ने उसका शव नहीं उठाया है।

परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया और मामले में कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं। मंगलवार को कांग्रेस नेताओं ने परिजनों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। जहां पुलिस ने उन्हें कलेक्टर कार्यालय परिसर के बाहर ही रोक दिया।

पीबीएम अस्पताल में भर्ती प्रसूता शारदा नायक की 21 जून को मौत हो गई थी। इससे पहले 18 जून को प्रीति नायक की भी मौत हो गई थी। प्रीति के परिजन पोस्टमार्टम के बाद उसका शव सूरतगढ़ ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया। लेकिन शारदा के परिजनों ने शव उठाने से मना कर दिया। इसी कारण अब तक उसका पोस्टमॉर्टम भी नहीं हो पाया है। देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि हम अस्पताल में दम तोड़ने वाली 2 बहनों की मौत के मामले में न्याय मांगने आये हैं। अगर न्याय मांगना राजनीति है तो हम राजनीति कर रहे हैं। हमारे न्याय मांगने के काम को राजनीति कहने वाले यहां आएं और परिजनों को न्याय दिला दें तो हम यहां से चले जायेंगे।

दोपहर को देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष भंवर कूंकणा, कांग्रेस नेता अमित जोशी और रमजान रंगरेज के साथ परिजनों ने प्रदर्शन किया। महिलाएं और साथ आये लोगों ने थाली और कटोरी थामी और बजाते हुए पीबीएम से 2 किमी दूर कलेक्ट्रेट की तरफ बढ़े। हाथों में बैनर था, जिस पर लिखा था शारदा के न्याय के लिए जिला कलेक्टर भीख दो।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने कांग्रेस नेताओं और परिजनों को कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रवेश से पहले ही रोक दिया। अधिकारियों ने कहा कि यदि वे कटोरा बाहर रख दें तो उन्हें कलेक्टर से मिलने दिया जायेगा। लेकिन कांग्रेस नेता इसके लिए तैयार नहीं हुए। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर कार्यालय की सीढियों पर ही धरना शुरू कर दिया और मामले में जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

कुछ देर तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद भी प्रशासन और कांग्रेस नेताओं के बीच सहमति नहीं बन सकी। सभी लोग कलेक्टर से मिले बिना ही वापस लौट गए। जाते समय उन्होंने विरोध के प्रतीक के रूप में कटोरा कलेक्टर कार्यालय की सीढियों पर ही छोड़ दिया और वहां से रवाना हो गए। मामले के समाधान के प्रयासों के तहत पुलिस, प्रशासन, कांग्रेस नेताओं और शारदा के परिजनों के बीच एक बैठक सोमवार को हुई। संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा की मौजूदगी में हुई इस वार्ता में विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई लेकिन कोई सहमति नहीं बन सकी। परिजन शव उठाने के लिए तैयार नहीं हुए और मामला जस का तस बना रहा। अब मंगलवार को भी इस पर निर्णय नहीं हो सका।

## नोखा गांव में चेन्नई की दो सगी बहनों ने दीक्षा ली

**नोखा गांव, (कासं)।** जैन समाज के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और भावनात्मक क्षण देखने को मिला। जब चेन्नई निवासी दो सगी बहनों ने भागवती जैन दीक्षा ग्रहण कर सांसारिक जीवन का त्याग कर दिया।

यह दीक्षा युगप्रधान आचार्य रामेश तथा उपाध्याय प्रवर राजेशमुनि महाराजसा. के सानिध्य में विधिवत रूप से संपन्न हुई। दीक्षा ग्रहण करने वाली 22 वर्षीय भाविका झांबर और 20 वर्षीय एकता झांबर ने भौतिक सुख-सुविधाओं को छोड़कर संयम, तप और साधना के मार्ग को अपनाया। दीक्षा महोत्सव के अंतर्गत गंगाराम लूणावत के निवास से मुंडन संस्कार के बाद भव्य महाभिनिष्क्रमण यात्रा निकाली गई। हजारों श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमियों की उपस्थिति में यह यात्रा समता भवन पहुंची, जहां विशाल धर्मसभा में विधिवत दीक्षा संस्कार संपन्न कराया गया। उपाध्याय प्रवर राजेशमुनि महाराजसा. ने संपूर्ण दीक्षा विधि संपन कराई। आचार्य रामेश ने करेमी भंते का पाठ करवाकर नव दीक्षिताओं से समस्त सावद्य योगों का त्याग कराया और उन्हें नवकार मंत्र के पांचवें पद 'णमो लोए सव्वसाहूणं' पर आरूढ़ किया। दीक्षा के बाद भाविका झांबर को साध्वी रामभाविका श्री जी तथा एकता झांबर को साध्वी रामेषी श्री जी नाम प्रदान किया गया।

## सार-समाचार

### 'वंशावली संरक्षण की जरूरत'

**देशनोक, (कासं)।** अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण एवं संवर्धन संस्थान की दो दिवसीय बैठक देशनोक में संपन्न हुई। भारतीय संस्कृति, इतिहास और पारिवारिक परंपराओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से कार्यरत यह संस्थान देशभर में वंशावली लेखन की प्राचीन परंपरा के संरक्षण और संवर्धन के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमेश्वर ब्रह्मभट ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न समाजों, जातियों एवं परिवारों की ऐतिहासिक वंशावलियों का संकलन, संरक्षण और नई पीढ़ी तक उनका हस्तांतरण सुनिश्चित करना है। यह वक्तव्य उन्होंने देशनोक में आयोजित बैठक में दिए। संस्थान के राष्ट्रीय संरक्षक और धर्म जागरण समन्वय के राष्ट्रीय सह प्रमुख अरूणकांत ने वंशावली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता में वंशावली का विशेष स्थान रहा है। प्राचीन काल से ही भाट, राव, जागा, बड़वा जैसे वंशावली लेखक परिवारों के इतिहास, सामाजिक परंपराओं और पीढियों का लेखा-जोखा सुरक्षित रखते आए हैं। यह धरोहर न केवल पारिवारिक पहचान का आधार है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास का महत्वपूर्ण स्रोत भी है। संस्थान द्वारा समय-समय पर राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर पर सम्मेलन, संगोष्ठियां और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें वंशावली संरक्षण की आवश्यकता, डिजिटलीकरण और युवा पीढ़ी की भागीदारी पर विशेष जोर दिया जाता है। संस्थान का मानना है कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से पारंपरिक वंशावली अभिलेखों को सुरक्षित रखकर आने वाली पीढियों के लिए संरक्षित किया जा सकता है।

### महेश नवमी पर शोभायात्रा निकाली

**नोखा, (कासं)।** महेश नवमी के अवसर पर मंगलवार सुबह माहेश्वरी समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा अर्केश्वर तहसील स्थित शिव मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कृष्ण मंदिर पहुंची जहां इसका समापन हुआ। शोभायात्रा में भगवान महेश की झांकी, बैंड-बाजे और धार्मिक जयघोष शामिल थे। इसमें समाज के महिला-पुरूष, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मार्ग में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कृष्ण मंदिर पहुंचने पर समाजजनों ने विधि-विधान पूर्वक सामूहिक महेश पूजन किया। इस दौरान समाज की सुख-समृद्धि और एकता के लिए प्रार्थना की गई। पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने भाग लिया। निवर्तमान पालिकाध्यक्ष नारायण झंवर भी शोभायात्रा में शामिल हुए। माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष भंवरलाल बाहेती ने बताया कि महेश नवमी उत्सव के तहत शाम को सामूहिक स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा। यह कार्यक्रम शाम 7:30 बजे भट्टड़ स्कूल प्रांगण में होगा। इसका उद्देश्य समाज बंधुओं के बीच आपसी मेल-मिलाप, परिचय और भाईचारे को मजबूत करना है। इस उत्सव को लेकर समाज के युवाओं, महिलाओं और पदाधिकारियों में उत्साह देखा जा रहा है। पूरे दिन विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से महेश नवमी पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है।

### चार सरकारी कॉलेजों में 4708 अभ्यर्थियों को मिला प्रवेश

**बीकानेर, (कासं)।** सरकारी कॉलेजों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की स्थिति सोमवार को स्पष्ट हो गई है। डूंगर एमएस सहित शहर के चार सरकारी कॉलेजों में 4708 अभ्यर्थियों को दाखिला मिला है। कॉलेजों की ओर से प्रवेशित विद्यार्थियों की फर्स्ट लिस्ट घोषित की गई। इन चारों सरकारी कॉलेजों में अभी भी 1836 सीटें रिक्त है। आरक्षित वर्ग की रिक्त रही सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया भी 21 जून को पूरी हो चुकी है। अब सेकंड लिस्ट 30 जून को घोषित होगी। दरअसल शहर के चार कॉलेजों में कुल 6544 सीटें विभिन्न संकायों में स्वीकृत है। प्रथम प्रवेशित सूची के तहत राजकीय डूंगर कॉलेज में 3203, एमएस कॉलेज में 1305, राजकीय गंगाशहर कॉलेज में 154 तथा राजकीय मुरलीधर कन्या कॉलेज में 46 अभ्यथिर्यों को प्रवेश मिला है। कॉमर्स संकाय को छोड़कर संकायों में आरक्षित वर्ग की सीटें रिक्त रह गई है।

# इस मानसून में भी सुजानदेसर टापू बनना तय, घरों में भरेगा पानी

- हर साल करोड़ों रूपयों के बजट और ड्रेनेज के बड़े-बड़े दावों के बावजूद इस बार भी धरातल पर स्थिति जस की तस है। नाले के लिए 800 मीटर में से 250 मीटर का हिस्सा पिछले 5 महीनों से विवादों में उलझा हुआ है

**बीकानेर, (कासं)।** मानसून का समय नजदीक आते ही गंगाशहर के सुजानदेसर और आसपास के इलाकों के हजारों बाशिंदों की धड़कनें तेज हो गई हैं। हर साल करोड़ों रूपयों के बजट और ड्रेनेज के बड़े-बड़े दावों के बावजूद इस बार भी धरातल पर स्थिति जस की तस है। प्रशासनिक दूरदर्शिता की कमी और दो प्रमुख सरकारी विभागों आरयूआईडीपी और बीकानेर विकास प्राधिकरण (बीडीए) की आपसी सुस्ती के कारण इस मानसून में भी सुजानदेसर का डूबना लगभग तय नजर आ रहा है।

अगर सीजन में 50 से 100 मिलीमीटर के बीच भी बारिश हो गई तो यह पूरा इलाका एक बार फिर टापू बन जायेगा और लोगों के घरों में गंदा पानी घुसना तय है। सरकारी विभागों की आपसी सुस्ती और लाल फीताशाही की कीमत सुजानदेसर की जनता चुकाने को मजबूर है। मात्र 250 मीटर के विवाद को 5 महीने तक न सुलझा पाना सिस्टम के निकम्मेपन को दिखाता है।

यदि समय रहते काम शुरू नहीं हुआ तो इस बार की बारिश में जनता का घरों से निकलना दूभर हो जायेगा। सुजानदेसर और गंगाशहर के एक बड़े हिस्से को जलभराव से स्थाई मुक्ति दिलाने के लिए आरयूआईडीपी ने एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की थी। इसके तहत करीब 800 मीटर लम्बा एक बॉक्स कल्वर्ट (बड़ा नाला) बनाया जाना था। यह नाला आसपास के पूरे इलाके का बरसाती और ड्रेनेज का पानी समेटकर सुजानदेसर के पीछे बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचा सके। अगर यह कल्वर्ट पूरा बन जाता, तो इलाके को हमेशा के लिए जलभराव से मुक्ति मिल जाती। मगर सरकारी सिस्टम की लाचारी देखिए कि 800 मीटर में से महज 250 मीटर का हिस्सा पिछले 5 महीनों से विवादों में उलझा हुआ है। यहां एक व्यक्ति ने इस ट्रैक को अपनी निजी जमीन बताते हुए काम रूकवा दिया था। आरयूआईडीपी ने शुरूआत में इस मामले को आपसी समझाइश और वार्ता से सुलझाने की कोशिश की लेकिन बात नहीं बनी। अब यह अहम प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में है और मामला शांत पड़ा है।

फिलहाल प्रशासन ने अपनी नाकामी को छुपाने और तात्कालिक राहत के नाम पर इलाके में 6 पंप स्थाई रूप से लगा रखे हैं। विभाग का तर्क है कि इन पंपों के जरिए पानी को घरों में घुसने से रोका जायेगा। लेकिन भुक्तभोगी जनता जानती है कि जब आसमान से आफत बरसती है, तो ये छोटे पंप ऊंट के मुंह में जीरे के समान साबित होते हैं। बिजली गुल होने या भारी जलभराव के दौरान ये पंप भी हांफने लगते हैं।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा की लॉटरी निकाली

**बीकानेर, (कासं)।** वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026 के तहत इस बार जिले के 1 हजार 677 तीर्थ यात्रियों को रेल मार्ग तथा 205 को हवाई मार्ग से विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा करवाई जायेगी।

जिला स्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष तथा जिला कलेक्टर निशांत जैन ने मंगलवार को इसकी ऑनलाइन लॉटरी निकाली। इस दौरान जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे, प्रशिक्षु आईएएस मनु गर्ग, पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध, कोषाधिकारी धीरज जोशी, एसीपी गौरव भाटिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने बताया कि इस बार प्रदेश के 50 हजार वरिष्ठ नागरिकों को रेल मार्ग और 6 हजार को वायु मार्ग से निर्धारित स्थलों पर यात्रा करवाई जायेगी। वहीं जिले के 1 हजार 882 वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना के तहत यात्रा करवाई जायेगी। यात्रा कार्यक्रम का निर्धारण आगामी दिनों में किया जायेगा।

## पलाना गर्ल्स स्कूल के सामने कचरे का ढेर नहीं हटा

**देशनोक, (कासं)।** पलाना में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के सामने लम्बे समय से जमा कूडे-कचरे के ढेर को लेकर ग्रामीणों में लगातार नाराजगी बनी हुई है।

उपखण्ड अधिकारी महिमा कसाना द्वारा मौके का निरीक्षण कर दो दिन में सफाई कराने के निर्देश दिए जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान उपखण्ड अधिकारी महिमा कसाना गांव पहुंची थी। आरएलपी नेता महेन्द्र सियाग, मानाराम, ओमप्रकाश और हड़मान सियाग सहित कई ग्रामीण उन्हें कचरे के ढेर वाली जगह पर लेकर गए।

ग्रामीणों ने बताया कि यह कचरा पिछले एक वर्ष से जमा है और इसका नियमित निस्तारण नहीं किया गया है, जिससे आसपास के क्षेत्र में गंदगी और दुर्गन्ध फैल रही है। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने अधिकारियों को दो दिन में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने भविष्य में इस स्थान को विकसित कर पार्क बनाने का सुझाव भी रखा। ग्रामीणों सुखदेव भादू, ओमप्रकाश सियाग और महेन्द्र सियाग ने बताया कि अधिकारी के दौरे के दिन करीब एक घंटे तक सफाई कार्य किया गया, लेकिन उसके बाद काम बंद हो गया। उनकी शिकायत है कि स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है। इस मामले की शुरूआत 16 जून को हुई थी। जब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पलाना ने ग्राम पंचायत को पत्र भेजकर विद्यालय के सामने जमा कूड़ा-कचरा हटाने की मांग की थी।

## 95 केन्द्रों पर 27 को होगी जेट परीक्षा

**बीकानेर, (कासं)।** जेट परीक्षा 2026 का आयोजन 27 जून को किया जायेगा। परीक्षा का ब्रीफिंग सत्र मंगलवार को एसकेआरएयू के आईएबीएम सभागार में आयोजित किया गया।

परीक्षा समन्वयक डॉ विजय प्रकाश ने बताया कि परीक्षा बीकानेर सहित जोधपुर, जयपुर, उदयपुर, कोटा जिला मुख्यालय पर आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा के लिए 95 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। परीक्षा हेतु कुल 39784 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। डॉ विजय प्रकाश ने बताया कि प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ राजेन्द्र बाबू दुबे ने कहा कि पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ परीक्षा का आयोजन कराए। रजिस्ट्रार डॉ देवाराम सैनी ने परीक्षा की व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए।

## गोयलरी में पेयजल लाइन काटी, आपूर्ति ठप

**गजनेर, (कासं)।** ग्राम गोयलरी में पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों के अनुसार गजनेर लिफ्ट परियोजना से आने वाली पेयजल पाइपलाइन को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तीन-चार दिन पहले काट दिया गया है। इसके कारण पिछले चार-पांच दिनों से पूरे गांव में पानी की आपूर्ति बाधित है।

ग्रामीणों ने बताया कि बाबा रामदेव मंदिर के आसपास की आधी आबादी के करीब 50 से अधिक घरों में पिछले चार माह से भी अधिक समय से पेयजल संकट बना हुआ है। स्थिति यह है कि परिवारों को अपने निजी खर्चे पर पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं, जिसके लिए 500 से 800 रूपये तक का किराया देना पड़ता है।

पीने के पानी की व्यवस्था भी निजी स्तर पर करनी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गोयलरी स्कूल के पास लगाये गए अवैध वॉल्व को हटाया जाना चाहिए ताकि आगे के घरों तक पर्याप्त पानी पहुंच सके। उनका कहना है कि स्कूल के पास लगे वॉल्व से रोजाना छेड़छाड़ होने के कारण जल वितरण प्रभावित हो रहा है। सहायक अभियंता दिनेश बिश्नोई ने बताया कि गोयलरी में लम्बे समय से पेयजल संबंधी समस्या बनी हुई है। स्कूल के पास लगे वॉल्व और पाइपलाइन की कई बार मरम्मत की जा चुकी है, लेकिन कुछ स्थानीय लोगों द्वारा वॉल्व निकालकर ले जाने और पाइपलाइन से छेड़छाड़ करने के कारण परेशानी बार-बार हो जाती है। ग्रामीणों के बीच तालमेल की कमी को भी समस्या का एक कारण बताया। सहायक अभियंता बिश्नोई ने कहा कि विभाग जल्द ही स्थायी समाधान कर पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जायेगी।

## सी.एम.कन्यादान योजना में 41 हजार रूपए मंजूर

**नोखा, (कासं)।** नोखा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बीकासर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में बीजाराम पुत्र खियाराम को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 41 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृति की गई। बीजाराम को तकनीकी और अन्य खामियों के कारण मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। वे लम्बे समय से इस योजना से वंचित थे। ग्रामीण सेवा शिविर में यह मामला सामने आने पर शिविर प्रभारी चंद्रशेखर टाक और संयुक्त निदेशक लीलाधर पंवार ने इस पर कार्रवाई की। अधिकारियों ने आवेदन में मौजूद खामियों को दूर किया और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से समन्वय स्थापित किया। आवश्यक कार्रवाई पूरी होने के बाद लाभार्थी के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 41 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई।

# डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

**बीकानेर, (कासं)।** भारतीय जनता पार्टी बीकानेर संभाग कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा बीकानेर देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने की। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद एवं जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत बिश्नोई उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जसवंत बिश्नोई ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए दिया गया अद्वितीय योगदान है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का उद्घोष कर देश की एकता के लिए संघर्ष किया तथा अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, साहस और सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जीवन प्रत्येक राष्ट्रभक्त कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए जो संघर्ष किया, वह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है।

पंचारिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता डॉ. मुखर्जी के विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर सेवा और संगठन के कार्यों में जुटे हुए हैं।

जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता भवानी पाईवाल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री भंवर जांगिड़, ओबीसी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता महावीर चारण, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष विनोद गिरी गोस्वामी, जिला महामंत्री दिलीप सिंह राजपुरोहित एवं तोलाराम कूंकणा, जिला उपाध्यक्ष हेमनाथ जाखड़ एवं जसवंत दैय्या, जिला मंत्री भरत सुथार, एडवोकेट खुशबू आसोपा एवं मनमोहन सिंह, सोशल मीडिया संभाग संयोजक कोजूराम सारस्वत, आईटी संभाग सह संयोजक चैनसिंह राजपुरोहित, आईटी जिला संयोजक सुरेन्द्र स्वामी, आईटी जिला सह संयोजक निशु लिंबा, सोशल मीडिया जिला संयोजक पवन स्वामी, कार्यालय मंत्री जयकिशन उपाध्याय, महिला मोर्चा जिला संयोजक एडवोकेट सरोज प्रजापत, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, दीनदयाल नाई, श्रीराम धायल, लक्ष्मण गुरिया, धर्मवीर गिरी, चोरूलाल मेघवाल, करनाराम, युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रदीप सारस्वत, किसान मोर्चा जिला महामंत्री सी.आर. चौधरी, महेश चारण, रजनीकांत सारस्वत, अजय काजला, विस्तारक मुकेश जोशी, मनोज सैनी तथा विरेन्द्र सिंह सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।


